न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
NUCLEAR POWER CORPORATION OF INDIA LIMITED
(A Government of India Enterprise)
(निगम योजना एवं निगम संचार)
(Corporate Planning & Corporate Communication)

हार्टकोट बटलर टेक्निकल यूनिवर्सिटी, कानपुर के लिए वेबिनार का आयोजन किया गया
Webinars for the students of Hartcout Butler Technical University, Kanpur

भारत की आजादी की 75वें वर्ष देश में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। इस महोत्सव में भागीदारी करते हुए एनपीसीआईएल द्वारा गत 16 नवंबर, 2021 को प्रात: 1100 बजे से अपराह्न 12:30 बजे तक की अवधि के दौरान हार्टकोट बटलर टेक्निकल यूनिवर्सिटी में केमिकल इंजीनियरिंग के द्वितीय व अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए **न्यूक्लियर पॉवर प्लांट टेक्नोलोजी** विषय पर एक सूचनापरक वेबिनार का आयोजन किया गया। यह आयोजन, इस विश्वविद्यालय द्वारा अभियांत्रिकी, खाद्य प्रौद्योगिकी व जैव-प्रौद्योगिकी आदि जैसे विविध क्षेत्रों में शिक्षा प्रदान करने के माध्यम से राष्ट्र सेवा के 100 वर्ष पूरे करने के अवसर पर आयोजित शताब्दी वर्ष समारोह का भी एक भाग था। शताब्दी समारोह के मुख्य अतिथि स्वयं माननीय राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविंद जी थे।

In this 75th year of Indian Independence, India is celebrating the Azadi ka Amrit Mahotsava. In order to contribute towards the celebrations, NPCIL organized an informative webinar on the ***Nuclear Power Plant Technology*** for the second year and final year Chemical Engineering Students of Hartcout Butler Technical University, Kanpur on November 16, 2021 from 11:00 am to 12:30 pm. This was also a part of the centenary celebrations of the university having completed 100 years of parting education in diversified fields of engineering, food technology and biotechnology etc. in the service of the nation. The Chief Guest for the Centenary Celebrations were none other than the Honourable President of India, Shri Ram Nath Kovind ji.

सत्र के दौरान, छात्रों को भारतीय परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के आजादी के बाद से अब तक के शानदार इतिहास के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें, देश में न्यूक्लियर विद्युत उत्पादन कार्यक्रम के प्रारंभ, इसकी निरंतर प्रगति और प्रौद्योगिकी व अनुभव के मामले में आज की हमारी परिपक्वता के बारे में बताया गया।

During the session, the students were told about the glorious past of the Indian Atomic Energy program from independence till today. They were made aware of how the nuclear power production program started in the country, its steady progress and the maturity at which we have reached today in terms of technology and experience.

साथ ही, छात्रों को न्यूक्लियर ऊर्जा के मौलिक सिद्धांतो के बारे जानकारी दी गई व न्यूक्लियर विद्युत संयंत्र की वास्तविक कार्यप्रणाली को आभासी रूप से महसूस कराने के लिए तारापुर परमाणु विद्युत संयंत्र इकाई 3 व 4 की कार्यप्रणाली का सजीव चलचित्र दिखाया गया। यह, एनपीसीआईएल द्वारा छात्रों को न्यूक्लियर ऊर्जा के बारे में अधिकृत व वास्तविक सूचनाओं के माध्यम से सकारात्मक व सही परिप्रेक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए भी एक समुचित अवसर था। पढ़ाई पूरी करने के उपरांत जब वे बाहरी दुनिया में कदम रखेंगे तो वे हमारे ब्रांड एम्बेसडर होंगे और पूरे सम्मान व प्यार से परमाणु ऊर्जा का परचम लहराएंगे।

Also the students were briefed about the basics of nuclear energy and showed an animated movie for the working of the Tarapur Atomic Power Plant -3&4 to have a virtual feel of the actual working of a nuclear power plant. The university was happy with the initiative and the students enriched. It was an apt occasion for NPCIL too by giving to the students a positive and a correct perspective with authentic and factual information about nuclear energy. When they enter the world outside, they will be our brand ambassadors and will hold the flag of Atomic Energy flying high with honour and love.

अंतिम वर्ष की शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्रों के लिए आयोजित किए गए इस अभियान का एक अन्य उद्देश्य इन छात्रों को परमाणु ऊर्जा विभाग व एनपीसीआईएल में उपलब्ध कैरिअर के अवसरों से परिचित कराना भी था ताकि भविष्य में वे इस दिशा में विचार कर सकें।

One of the underlying motives behind this campaign specially arranged for the outgoing students is also to let them know of the career opportunities in DAE and NPCIL which they may consider to pursue in the future.

न्यूक्लियर ऊर्जा व तत्संबधी पहलुओं के बारे में छात्रों की समझ का अनुमान लगाने के लिए छात्रों के लिए एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। छात्रों ने इस प्रतियोगिता में पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और हमें यह सूचित करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि यद्यपि हमने केवल तीन छात्रों को सम्मानित करने का विचार किया था परंतु छात्रों की व्यापक रुचि को देखते हुए छह छात्रों को सम्मानित किया गया।

A quiz was also conducted to judge the understanding of the students about nuclear energy and the related aspects. The students participated with great enthusiasm and we are happy to say that though we had decided to honour only three students, but looking to the extraordinary performance of the students, six students were felicitated.

इस कार्यक्रम में लगभग 70 छात्रों व 05 संकाय सदस्यों ने भाग लिया।

The program was attended by around 70 students and 5 faculty members.

झरना तनेजा

Jharna Taneja


Azadi ka Amrit Mahotsav.pdf - Adobe Acrobat Reader DC (32-bit)
File Edit View Sign Window Help
Home Tools Azadi ka Amrit Ma...
Sign In
Jharna Taneja
01:12:40
00:25:32

People
Amit Pandey
65 others

Harcourt Butler Technical University, Kanpur

Lecture On

The Technology of Nuclear Power Plants

For HBTU Students

November, 16, 2021 (11.00 AM to 12.30 AM)

Organized By

Chemical Engineering Department

Patron
Prof. Samsher
Vice Chancellor
HBTU, Kanpur

Chairman
Prof. Alak Kumar Singh
Dean, School of
Chemical Technology,
HBTU, Kanpur

Coordinator
Dr. Rajesh Katiyar
Head, Chemical Engineering
Deptt
HBTU, Kanpur

Guest Speaker
Ms. Jharna Taneja
Deputy Chief Engineer
NPCIL, Mumbai